प्रेषक,

बद्री नाथ उपाध्याय
प्रान्तीय प्रभारी (कम्प्यूटर)
उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ,उत्तर प्रदेश

सेवा में ,

मा0 अध्यक्ष महोदय
राजस्व परिषद उ0 प्र0
लखनऊ।

महोदय,

कृपया संलग्न पत्र सं0 3107/12–3 एच/2016 दिनांक 01.05.2015 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करे। प्रदेश में तहसीलों द्वारा प्रदान की जा रही सेवायें जन सामान्य को बेहतर व सुगमता से करने और अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढीकरण करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2015–16 को **" तहसील अवस्थापना उन्नयन वर्ष "** के रूप में मनाये जाने का जो निर्णय आपके द्वारा लिया गया है संस्था इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा करती है एवं इस अच्छे कार्य सम्पादित किये जाने के संकल्प के लिए मा0 परिषद को धन्यवाद ज्ञापित करती है। उपर्युक्त पत्र का सम्यक अध्ययन करने के उपरान्त संस्था निम्नलिखित सुझाव आपकी सेवा में विचार करने हेतु सादर प्रस्तुत कर रही है।

1– उपर्युक्त पत्र के कमांक (6) –तहसील स्तर पर कर्मचारियों हेतु सुविधाओं के विकास में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने हेतु फर्नीचर एवं अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में उल्लेख किया गया है। तत्क्रम में सादर अवगत कराना है कि जनमानस का सबसे ज्यादा पहला संवाद लेखपाल संवर्ग से होता है। प्रदेश के किसी भी तहसील में लेखपाल संवर्ग के बैठने के लिए समुचित स्थान एवं फर्नीचर की व्यवस्था उपलब्ध नही है। तहसील स्थित राजस्व निरीक्षक कक्ष में लेखपाल संवर्ग से मिलने जो जनता आती है उनकी समस्याओं का निस्तारण लेखपालों द्वारा जमीन पर बैठकर या खड़े होकर किया जाता है जो उचित नही हैं। विशेष परिस्थितियों में तहसील परिसर से बाहर या किसी दूकान पर या किसी सार्वजनिक स्थल पर बैठकर जनमानस की समस्याओं का समाधान किया जाता है ; जिससे राजस्व विभाग व सरकार की छवि जन–मानस में खराब होती है एवं कार्य की गुणवत्ता पर भी काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ।

अतः संस्था महोदय से सादर अनुरोध करती है कि तहसील परिसर में राजस्व निरीक्षक कक्ष में बैठने हेतु प्रत्येक लेखपाल के पास पर्याप्त फर्नीचर व स्थान हो जिसमें वह स्वयं बैठ सके और आने वाली जनता को सम्मान से बैठाकर उसकी समस्याओं को सुनकर उसका गुणवत्तापरक निस्तारण कर जनता में सरकार एवं राजस्व विभाग की छवि को अच्छा बनाया जा सके ।

2– भविष्य में शासन /परिषद द्वारा यह आश्वस्त किया गया है कि लेखपाल संवर्ग को सरकारी कार्यो के निस्तारण हेतु लैपटाप उपलब्ध कराया जायेगा। तहसील परिसर में राजस्व निरीक्षक का कक्ष ऐसी जगह बनाया जाय जहां पर पर्याप्त जगह हो एवं लेखपालों को बैठने के साथ ही साथ लैपटाप रखने एवं चार्जिग से सम्बन्धित विद्युत की व्यवस्था हो उसी स्थान पर जन मानस की समस्या का निस्तारण राजस्व निरीक्षक /लेखपाल द्वारा किया जा सके।

3– चूंकि इस समय सभी कार्य इन्टरनेट के माध्यम से हो रहे है। प्रत्येक तहसील में इण्टरनेट की सुविधा तो उपलब्ध है परन्तु वाईफाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं । भविष्य में लेखपाल संवर्ग द्वारा लैपटाप पर कार्य करते समय मोडम/डोगंल की आवश्यकता होगी। तहसील परिसर में वाई फाई की सुविधा उपलब्ध करा दिये जाने पर तहसील स्थित सभी न्यायालय/कार्यालय में कर्मचारी गण जिन्हे सरकारी कार्य संचालन हेतु इण्टरनेट का प्रयोग करना है; उन्हे वाईफाई की सुविधा का लाभ मिल सकेगा जिससे कि तहसील स्तर पर इण्टरनेट का दाम कर्मचारियों को कम वहन करना पड़ेगा।

4– संलग्न पत्र के चेकलिस्ट के क्रमांक– (8.6) पर यह लिखा गया है कि फील्ड स्तरीय स्टाफ को एक ही निश्चित दिवस पर तहसील में उपस्थित रहने का निर्देश दिया जाय। परन्तु वास्तविकता यह है कि सप्ताह में कम से कम दो दिन प्रत्येक फील्ड स्तरीय कर्मचारी तहसील मुख्यालय पर उपस्थित रहता है जहां तक तहसील मुख्यालय पर कार्यरत या शहरी क्षेत्र से सम्बन्धित सभी लेखपाल प्रत्येक दिन तहसील मुख्यालय में उपस्थित रहकर विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्यो का सम्पादन करते है

अस्तु महोदय को सादर अवगत कराना है कि लेखपाल संवर्ग ही प्रशासन की महत्वपूर्ण इकाई है एवं उसका जनमानस से सीधा संवाद होता है । आज के आधुनिक युग में यदि लेखपालों से सभी प्रकार के तकनीकी एवं महत्वपूर्ण कार्य लिये जाते है तो माननीय परिषद को लेखपालों से गुणवत्तापरक एवं शीघ्रता से कार्य निष्पादन करने हेतु प्रत्येक तहसील में राजस्व निरीक्षक सर्किलवार लेखपालों के बैठने हेतु पर्याप्त फर्नीचर , लैपटाप , वाईफाई , शौचालय , पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की कृपा करे।

सादर।

BN
13/05/15

**बद्री नाथ उपाध्याय**
**(प्रान्तीय प्रभारी-कम्प्यूटर)**

**<u>प्रतिलिपि–</u>** उ0 प्र0 लेखपाल संघ प्रान्तीय अध्यक्ष/महांमत्री को सादर प्रेषित।

**बद्री नाथ उपाध्याय**
**(प्रान्तीय प्रभारी-कम्प्यूटर)**